पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

**मुख्यमंत्री भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में 'उत्तर प्रदेश टी–20 लीग' सीजन–3 क्रिकेट मैच के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए**

**मेरठ मेवरिक्स व काशी रूद्रास के बीच आयोजित फाइनल मैच का अवलोकन किया**

**'उत्तर प्रदेश टी–20 लीग' ने उभरती प्रतिभाओं को प्लेटफॉर्म प्रदान किया : मुख्यमंत्री**

**उ0प्र0 में शक्ति और सामर्थ्य दोनों, उ0प्र0 का खेलों में प्रतिनिधित्व और बढ़ना चाहिए, खिलाड़ियों को आगे भी अच्छा प्लेटफॉर्म मिलेगा**

**प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में खेल एवं खिलाड़ियों के लिए देश में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जा रहा**

**'खेलो इण्डिया', 'फिट इण्डिया' जैसे अभियान पूरी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहे, केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खेल नीति–2025 लागू की**

**वाराणसी में निर्माणाधीन अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम इस वर्ष के अन्त तक क्रियाशील हो जाएगा, अयोध्या में एक स्टेडियम निर्माणाधीन, गोरखपुर में एक अन्तरराष्ट्रीय स्टेडियम बनाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन**

**लखनऊ : 06 सितम्बर, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी आज यहां भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में 'उत्तर प्रदेश टी–20 लीग' सीजन–3 क्रिकेट मैच के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने खिलाड़ियों से भेंट की और मेरठ मेवरिक्स व काशी रूद्रास के बीच आयोजित फाइनल मैच का अवलोकन किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में शक्ति और सामर्थ्य दोनों हैं। यहां सबकुछ सम्भव हो सकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में खेल एवं खिलाड़ियों के लिए देश में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जा रहा है। देश में 'खेलो इण्डिया', 'फिट इण्डिया' जैसे अभियान पूरी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। खेल व खेल संस्कृति को और विस्तार देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खेल नीति–2025 लागू की है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आने वाला समय भारत का है और खेल व खिलाड़ियों को बेहतर वातावरण मिलेगा। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को आगे भी अच्छा प्लेटफॉर्म

मिलेगा। 'उत्तर प्रदेश टी–20 लीग' ने उभरती प्रतिभाओं को प्लेटफॉर्म प्रदान किया है। इतनी बड़ी जनसंख्या व सामर्थ्य के राज्य उत्तर प्रदेश का खेलों में प्रतिनिधित्व और बढ़ना चाहिए। इसके दृष्टिगत उन्होंने बी0सी0सी0आई0 से कहा कि उत्तर प्रदेश से कम से कम 04 टीमें और होनी चाहिए। खेल क्षेत्र में लोगों को सक्रियता के साथ आगे आना चाहिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में लखनऊ व कानपुर में अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम मौजूद हैं। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से वाराणसी में अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बन रहा है, जिसका 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। इस वर्ष के अंत तक यह स्टेडियम क्रियाशील हो जाएगा। इसी प्रकार अयोध्या में भी एक स्टेडियम निर्माणाधीन है। गोरखपुर में एक अन्तरराष्ट्रीय स्टेडियम बनाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रदेश का पहला खेल विश्वविद्यालय मेरठ में मेजर ध्यानचन्द के नाम पर बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर जनपद में स्टेडियम, हर विकास खण्ड में मिनी स्टेडियम और हर ग्राम पंचायत में खेल के मैदान व ओपन जिम युद्धस्तर पर निर्मित करा रही है। उभरते खिलाड़ियों को सरकार निरन्तर प्रोत्साहित कर रही है। अच्छे खिलाड़ियों को प्रशिक्षक के रूप में अच्छे मानदेय पर रखा जा रहा है।

ज्ञातव्य है कि 'उत्तर प्रदेश टी–20 लीग' सीजन–3 का आयोजन 17 अगस्त से 06 सितम्बर, 2025 तक किया जा रहा है। इस टी–20 लीग में वाराणसी, गोरखपुर, नोएडा, मेरठ, लखनऊ और कानपुर की टीमें शामिल हैं। आज मेरठ मेवरिक्स व काशी रूद्रास के मध्य फाइनल मैच हुआ।

इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह, बी0सी0सी0आई0 के मानद उपाध्यक्ष श्री राजीव शुक्ला, उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ0 निधिपति सिंघानिया, उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक श्री डी0एस0 चौहान, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना श्री संजय प्रसाद, सलाहकार मुख्यमंत्री श्री अवनीश कुमार अवस्थी तथा क्रिकेट जगत से जुड़े पदाधिकारी व लोग उपस्थित थे।

\-\-\-\-\-\-\-\-\-\-\-\-

***PN-CM-UP T20 League-06 September, 2025***